कैसा करिश्मा तूने हनुमान कर दिया

कैसा करिश्मा तूने हनुमान कर दिया,
जो राम ने कलयुग तुम्हारे नाम कर दिया......

सागर को लांगना तेरा लंका को जलाना,
संजीवनी लाना तेरा लक्षमण को जिगाना,
रावण का चुरो चूर अभिमान कर दिया,
जो राम ने कलयुग तुम्हारे नाम कर दिया.....

प्रभु राम की सेवा में जीवन बिता दिया,
रहते है तेरे दिल में वो ये सबको बता दिया,
साबित ये सीना चीर सरेआम कर दिया,
जो राम ने कलयुग तुम्हारे नाम कर दिया......

रघुवर पे तेरी भक्ति ने ऐसा असर किया,
खुद तो हुए न पर तुझको अमर किया,
तेरे हवाले सारा ये जहां कर दिया,
जो राम ने कलयुग तुम्हारे नाम कर दिया......

'सोनू' जो सच्चे दिल से भक्ति करता राम की,
मांगे बिना वो पाता है दौलत जहां की,
हनुमान में इस बात को प्रमाण कर दिया,
जो राम ने कलयुग तुम्हारे नाम कर दिया......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30136/title/kaisa-karishma-tune-hanuman-kar-diya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |